# औद्योगिक क्षेत्रों में बिछेगी सीवर लाइन

## मंडलायुक्त की अध्यक्षता में बैठक, डीपीआर बनाने के लिए मिला बजट

माई सिटी रिपोर्टर



मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक। -विज्ञप्ति

**लखनऊ।** औद्योगिक क्षेत्रों में सीवर लाइन डालने और एसटीपी बनाने का काम होगा। इसके लिए यूपीसीडा ने लखनऊ नगर निगम को डीपीआर बनाने के लिए बजट दिया है। सोमवार को मंडलायुक्त रंजन कुमार की अध्यक्षता में हुई मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में इसकी जानकारी यूपीसीडा के अधिकारियों ने दी। वहीं उद्योगों को मिलने वाली सुविधाओं के लिए मूल्यांकन रिपोर्ट भी बन गई है।

मंडलायुक्त ने बताया कि मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग पवन अग्रवाल ने औद्योगिक इकाइयों को दी जाने वाली सुविधाओं की पात्रता आदि के सत्यापन के बाद मूल्यांकन रिपोर्ट मिलने लगी हैं। दो आवेदनों में नोडल एजेंसी ने मूल्यांकन रिपोर्ट दे दी है। इन आवेदन पर आगे की कार्रवाई कराई जा रही है। औद्योगिक क्षेत्र अमौसी, सरोजनीनगर, बंथरा में जलभराव की समस्या को भी उठाया गया। इसमें यूपीसीडा के अधिकारियों ने बताया कि आंतरिक नालियों की मरम्मत, सफ ई तथा सड़कों की मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड-2 ने 1.83 करोड़ रुपये की राशि दे दी है। वहीं लखनऊ नगर निगम को भी सीवर लाइन व एसटीपी के बनाने के लिए डीपीआर बनाने को 50 लाख रुपये दे दिए हैं। इन प्रोजेक्ट पर जल्दी ही काम शुरू हो जाएगा। एनएचएआई के अधिकारियों को भी मंडलायुक्त ने यूपीसीडा के साथ संयुक्त निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट देने के लिए कहा है।